# हरियाणा के गुरुग्राम में सर्वाधिक मतदाता

## चर्चा में क्यों?

**हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी** के अनुसार, 25 लाख से अधिक मतदाताओं के साथ **गुरुग्राम** **लोकसभा** क्षेत्र में राज्य के किसी भी संसदीय क्षेत्र के मुकाबले सबसे अधिक मतदाता हैं।

## मुख्य बिंदु:

- **हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों** के लिये मतदान **25 मई 2024** को होगा और उसके बाद 4 **जून 2024 को मतगणना होगी।**
- **हरियाणा में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये** चुनाव विभाग द्वारा कई अनूठी पहल की गई हैं, जिनमें **वोटर इन क्यू ऐप** लॉन्च करना, मतदाताओं को शादी के निमंत्रण के समान मतदान निमंत्रण भेजना और गुरुग्राम की बहुमंज़िला सोसायटियों में 31 मतदान केंद्र स्थापित करना शामिल है।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी

- यह **भारत के राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में चुनाव कराने** के लिये **भारत के निर्वाचन आयोग** का प्रतिनिधित्व करने हेतु बनाया गया एक **वैधानिक प्राधिकरण** है।
- भारत के संविधान ने **अनुच्छेद 324** की शुरुआत के साथ **मुख्य निर्वाचन अधिकारी** की शक्तियों को स्वतंत्र बना दिया।
- इनके कर्त्तव्य और शक्तियाँ **लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 13A** के साथ उल्लिखित **लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 20** में निहित हैं

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/gurugram-highest-electors-in-haryana